## महत्वपूर्ण एवं खास

### जीएसटी टीम की रायपुर-दुर्ग प्लांट में दबिश

**रायपुर (आरएनएस)।** जीएसटी विभाग ने आज रायपुर और दुर्ग में बड़ी कार्रवाई की है. दर्जनभर अधिकारियों की टीम ने गो गैस के सिलतरा स्थित प्लांट में रेड मारी है. यहां अधिकारी गेट में ताला जडक़र दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं. इस कार्रवाई से कारोबारियों में हडक़ंप मच गया है.मिली जानकारी के मुताबिक, सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र के फेस टू स्थित गो गैस के वाटलिंग रिफिलिंग प्लांट में आज जीएसटी की टीम ने दबिश दी है. अधिकारियों की टीम ने प्लांट के गेट में ताला लगवाकर दस्तावेजों की जांच शुरू की. मौके पर पहुंची लल्लूराम डॉट कॉम को जीएसटी की टीम ने बताया कि प्लांट में फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है. बता दें कि प्राइवेट गो गैस के जिस वाटलिंग रिफिलिंग प्लांट में जीएसटी की टीम ने दबिश दी है, वह एक प्राइवेट प्लांट है. जब क्षेत्र इंडेन गैस का सरकारी प्लांट नहीं था, तब यहां इंडेन के गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग होती थी, लेकिन इंडेन का सरकारी वाटलिंग रिफिलिंग प्लांट मांढर के समीप बनने के बाद इस प्लांट में भारत गैस के सिलेंडरों की रिफिलिंग होने लगी. साथ ही जब भारत गैस का भी तिल्दा के समीप सरकारी वाटलिंग रिफिलिंग प्लांट बनने के बाद यहां प्राइवेट गो गैस के सिलेंडरों की रिफिलिंग का काम हो रहा है।

### पोटाकेबिन में पढ़ने वाले चौथी कक्षा के एक और छात्र की मौत

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में छात्रों की मौत का सिलसिला नहीं थम रहा है। यहां पोटाकेबिन भटवाड़ा के चौथी कक्षा के एक और छात्र की मौत हो गई है। बीते कुछ दिनों में ये तीसरी मौत है। छात्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के दौरान तबियत बिगडऩे के बाद मेकॉज जगदलपुर के लिए रेफर किया गया था जहां ले जाने के दौरान छात्र ने रास्ते मे दम तोड़ दिया। बता दें कि इससे पहले माता रूकमणी आश्रम और नैमेड़ पोटाकेबिन में भी छात्रों की मौत हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार दिल से जुड़ी समस्या के कारण पोटाकेबिन भटवाड़ा के चौथी कक्षा पढऩे वाले 9 वर्षीय टांकेश्वर नाग को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद तबीयत ज्यादा बिगडऩे पर उसे मेकॉज जगदलपुर रेफर किया गया था। किंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही छात्र ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मामले पर बीजापुर के सीएमएचओ डॉ. बी. आर. पुजारी ने कहा कि सोमवार को बीजापुर जिला चिकित्सालय में परिजनों और पोटाकेबिन स्टॉप द्वारा लाया गया था, बीमारी हार्ट से जुड़ी थी। प्राथमिक ईलाज कर तुरंत हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था।

### बाल-बाल बचे यात्री, तेज रफ्तार बस घर में घुसी

**गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)।** जिले में यात्रियों से भरी एक तेज रफ्तार बस दुर्घटना का शिकार हो गई. यात्री बस ने तेज रफ्तार में टाटा मैजिक वाहन को टक्कर मारते हुए घर में घुसी गई है. बस में 12 से अधिक यात्री सवार थे. हादसे में एक बच्ची सहित दो लोग घायल हो गए हैं. घटना से क्षेत्र में हडक़ंप मच गया. घायलों को शासकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है. घटना राजिम महासमुन्द मुख्य मार्ग पर जामगांव की है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, थानूजा ट्रांसपोर्ट की सी जी 06 डी 9554 क्रमांक बस आज दोपहर राजिम-महासमुन्द मुख्य मार्ग पर जामगांव के एक घर में जा घुसी. यात्री बस में 12 से अधिक लोग सवार थे. बस यात्रियों को लेकर महासमुन्द से छुरा जा रही थी. इस दौरान ड्राइवर रवि साहू ने जब तेज रफ्तार में ब्रेक लगाने की कोशिश की तो बस अनियंत्रित हो गई और छोटा हाथी वाहन को टक्कर मारते हुए घर में घुस गई. जिससे बस सवार यात्रियों में हडक़ंप मंच गया. घटना में दो लोग घायल हुए हैं. इसमें एक बच्ची और महिला शामिल हैं. घायलों को शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# पैरोल पर छोड़े गए सात कैदी नहीं लौटे रायपुर जेल, प्रदेशभर की जेलों से लापता हैं 70 बंदी

**रायपुर । आरएनएस**

रायपुर सेंट्रल जेल से सात ऐसे बंदी हैं, जो पैरोल पर छूटने के बाद वापस नहीं लौटे। एक बंदी दिसंबर 2002 से गायब हैं। इनमें अधिकतर बंदी हत्या के प्रकरण में जेल में बंद थे।

जेल और पुलिस प्रशासन ने इन बंदियों की कई बार तलाश की, लेकिन अब तक उनका कोई पता नहीं चला। प्रदेशभर में ऐसे बंदियों की संख्या करीब 70 है।

अब जेल प्रशासन इन बंदियों की वापसी की राह ताक रहा है। सूचना के अधिकार के तहत रायपुर जेल के वारंट अधिकारी ने सात बंदियों के पेरोल पर छोड़े जाने के बाद से नहीं लौटने की जानकारी दी है। इसके अनुसार हत्या के केस में बंद शिवकुमार उर्फ मुन्ना पांच दिसंबर 2002, गणेश देवांगन 23 जुलाई 2008, संजीत उर्फ सुजीत आठ सितंबर 2010, कृष्ण कुमार 31 अगस्त 2013, राजीव कुमार दो अप्रैल 2020, रूपेंद्र साहू 21 नवंबर 2022 और नरेंद्र श्रीवास 18 जनवरी 2024 से पेरोल पर जेल से छोड़े गए थे।

हाई कोर्ट ने दिखाई सख्ती

जेल मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले महीने हाई कोर्ट में पैरोल पर गए कैदियों की वापसी न होने के मामले में मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डबल बेंच ने इस मुद्दे पर सख्ती दिखाई थी। मुख्य न्यायाधीश ने डीजीपी जेल से ताजा रिपोर्ट शपथ पत्र के जरिए पेश करने को कहा था।

इसके बाद डीजी जेल की ओर से हाई कोर्ट को जानकारी दी गई कि प्रदेश के पांच सेंट्रल जेलों ने 83 कैदी पैरोल से नहीं लौटे थे, जिनमें 10 को गिरफ्तार कर लिया गया और तीन की मृत्यु हो गई थी। अभी भी प्रदेश भर के जेलों से करीब 70 बंदी पैरोल से छूटने के बाद वापस नहीं लौटे हैं।

बिलासपुर जेल में भी 22 बंदी नहीं लौटे

केंद्रीय जेल बिलासपुर से पैरोल पर गए 22 बंदी लौटे ही नहीं। उनके स्वजन को बार-बार सूचना देने के बाद भी जब बंदी नहीं लौटे, तो जेल प्रबंधन ने संबंधित थानों को फरार बंदियों की जानकारी दी है। प्रबंधन की मानें, तो थानों में उनके फरार होने की एफआईआर दर्ज कराई गई है।

सजायाफ्ता बंदियों के वापस जेल नहीं पहुंचने पर जेल प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। बिलासपुर के जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर बंदियों को एक निर्धारित अवधि के बाद पैरोल के बाद वापस जेल लौटना होता है। अधिकांश बंदी लौट भी आते हैं। मगर, 22 बंदी ऐसे हैं जो जेल से बाहर तो निकले, लेकिन वापस लौटकर नहीं आए।

कोरोना महामारी के दौरान फैलते संक्रमण को देखते हुए जेल प्रशासन ने अच्छे चाल-चलन वाले बंदियों को पैरोल पर भेजा था। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के दौरान पैरोल की अवधि कई बार बढ़ाई गई थी। नहीं लौटने वालों में इनकी ही संख्या अधिक है।

छत्तीसगढ़ में कुल पांच सेंट्रल जेल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर और अंबिकापुर में हैं। इसके अलावा 12 जिला और 16 उप जेल हैं। केंद्रीय जेलों के अलावा इन जेलों में भी बंदियों को राहत दी गई थी। बंदियों को अंतरिम जमानत पर छोड़ा गया था। इनकी संख्या और वापसी की पुख्ता जानकारी नहीं है। जानकार बताते हैं कि अंतरिम जमानत पर जेल के बाहर गए ज्यादातर बंदियों ने कोर्ट से अपनी जमानत करवा ली है। ऐसे में इन बंदियों की निश्चित संख्या की जानकारी जेल प्रबंधन के पास भी नहीं है।

# रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को एयर कनेक्टिविटी से जोडऩे नई उड़ान सेवा का संचालन 19 से

**रायपुर । आरएनएस**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में केन्द्र सरकार की रिजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।रिजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत शुरू हो रही नई उड़ान सेवाओं का उद्देश्य हवाई यात्रा को न केवल किफायती बनाना है बल्कि क्षेत्र में यात्रियों के लिए पसंदीदा विकल्प भी बनाना है। इन उड़ानों के शुरू होने से व्यापारिक यात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय समुदायों को बहुत लाभ होगा, समय की बचत होगी और आर्थिक विकास के नए द्वार खुलेंगे।

इसी कड़ी में रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को एयर कनेक्टिविटी से जोडऩे के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। इन तीनों शहरों को जोडऩे के लिए नई उड़ान सेवा का संचालन 19 दिसंबर, 2024 से शुरू होने जा रहा है। रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को जोडऩे वाली नई उड़ानें सप्ताह में तीन दिन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित होंगी। यह नई सेवा न केवल यात्रा के समय को कम करेगी बल्कि इंटरसिटी यात्राओं को एक आरामदायक और सुविधाजनक बनाएगी, जिससे पर्यटन, व्यापार के अवसरों और क्षेत्रीय विकास को और बढ़ावा मिलेगा। इन शहरों में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर यात्री विमान सेवा के लिए बुकिंग करा सकते हैं। इस नई उड़ान सेवा का शुरुआती किराया मात्र 999 रूपए रखा गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर गोयल ने सुनी लोगों की समस्याएं

❑ जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए समय-सीमा में निराकरण के निर्देश

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज जनदर्शन के माध्यम से जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनी। उल्लेखनीय है कि जनसामान्य के समस्याओं को निराकरण करने प्रति मंगलवार सृजन सभाकक्ष में कलेक्टर साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन किया जाता है।

तहसील घरघोड़ा ग्राम-सारढाप निवासी पन्ना लाल राठिया दिव्यांग पेंशन एवं स्वचलित ट्रायसायकल की मांग हेतु जनदर्शन में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वे दोनों पैर से दिव्यांग है। जिसकी वजह से कही आने-जाने एवं कार्य करने में असक्षम है। उन्होंने ट्रायसायकिल एवं दिव्यांग पेंशन की मांग की। वार्ड क्रमांक 41 छातामुड़ा निवासी नरेन्द्र कुमार चौधरी खाद्यान्न वितरण में हो रही लापरवाही के संबंध में आवेदन दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा अपनी इच्छानुसार महीने में सिर्फ एक सप्ताह ही दुकान खोलकर बैठता है। जिसकी वजह वार्ड वासियों को खाद्यान्न मिलने में बहुत परेशानी हो रही है। केलो विहार रायगढ़ निवासी सूरज बाई स्वर्णकार महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाए जाने के संबंध में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वे उक्त योजना के संबंध में आवेदन प्रस्तुत की है, लेकिन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

भूपदेवपुर ग्राम-बिलासपुर के ग्रामवासी भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन में कोयला साइडिंग पर रोक लगाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि बिलासपुर भूपदेवपुर का बस्ती एवं बच्चों के माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला स्कूल भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन कोयले साइडिंग से लगा हुआ है। साइडिंग पर कार्य होते रहने के कारण वहां हमेशा धूल उड़ती रहती है। जिससे वहां आने-जाने वाले लोगों एवं स्कूली बच्चों को कोयले की धूल का सामना करना पड़ता है। साथ वहां के आसपास एरिया भी पूरी तरह से धूल के कारण दूषित हो गया है। जिसके कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है एवं त्वचा संबंधी अनेक प्रकार के रोग भी हो रहे है। मुस्लिम समाज के लोग कोतरा रोड स्थित कब्रस्तान परिसर में लगे स्ट्रील लाइट के बिजली कनेक्शन को बदलवाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि कोतरा रोड स्थित मुस्लिम कब्रस्तान रायगढ़ शहर का सबसे पुराना कब्रस्तान है। कब्रिस्तान परिसर के बिजली खंभों पर लगे स्ट्रील लाईट विगत तीन-चार माह से बंद पड़ा है, जिससे मुस्लिम समुदाय को रात्रि में कफन-दफन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर गोयल ने जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को समय-सीमा में त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने वन नेशन वन इलेक्शन मुद्दे पर सरकार को घेरा

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र जारी है. वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर सदन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सरकार को घेरा. उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को लाल किला से भाषण देते समय वन नेशन वन इलेक्शन बोल तो देते हैं और 16 अगस्त होते ही चुनाव अलग-अलग करवाते हैं, जबकि पिछले समय हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव एक साथ हुए थे. चार राज्यों के चुनाव में उसे आपने नहीं कराया और यह वन नेशन वन इलेक्शन की बात कैसे कर लेते हैं. मान लो कोई सरकार बीच में गिर गई तो कैसे होगा, पंचायत चुनाव का क्या होगा.प्रियंका गांधी के बैग को लेकर सोमवार को सदन में हंगामा हुआ. इस पर भूपेश बघेल ने कहा, 16 दिसंबर को विजय दिवस था, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हुई. पाकिस्तान के 93000 पाकिस्तानी सेना ने सरेंडर किया. इसका उल्लेख सदन में नहीं हुआ. बैग की चर्चा हुई, जिन जवानों ने शहादत दी उनको कोई याद नहीं किया. एक बैग की चर्चा कर रहे हैं, ये मुद्दे से ध्यान हटाना चाहते हैं।

# अवैध प्लाटिंग रोकने जल्द बनेगा नियम : ओपी चौधरी

**रायपुर । आरएनएस**

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज ध्यानाकर्षण काल में भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने अवैध प्लाटिंग का मुद्दा उठाया. इस मामले में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, पहले कृषि भूमि की 5 डिसिमल से छोटी रजिस्ट्री होने पर नामांतरण नहीं होता था. पिछली सरकार ने इस नियम को हटा दिया. इससे अवैध प्लाटिंग बढ़ा है. अर्बन और प्लांड एरिया में अवैध प्लाटिंग रोकने जल्द नियम बनाएंगे. विधायक अनुज शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा, पिछली बार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ करवाई का आश्वासन दिया गया था, क्या करवाई हुई बताएं. इस पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि धरसीवां में 2021 से 23 के बीच अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी. राजस्व विभाग अकेले अवैध प्लाटिंग नहीं रोक सकता. टीएनसी, रजिस्ट्री, समेत कई विभाग की संयुक्त कमेटी बनाना पड़ेगा.

अनुज शर्मा ने कहा, धरसीवां में सरकारी स्कूल, चारागाह, नहर, सरकारी जमीन, सब पर अवैध प्लाटिंग हुई. इस पर कोई करवाई नहीं हुई. जो बेचकर चले गए, उस पर क्या करवाई होगी. इस सवाल का जवाब देते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, सभी मामलों में जांच कराकर करवाई करवाऊंगा. विधायक शर्मा ने कहा, आगे कब्जा न हो, इसके लिए विभाग ने क्या करवाई की. मंत्री वर्मा ने कहा, जहां जमीन बची है, वहा तख्ती लगाएंगे. समय सीमा बताना संभव नहीं है.इसी बीच अवैध प्लाटिंग को लेकर विधायक राजेश मूणत ने कहा, यह सिर्फ एक जगह की समस्या नहीं, पूरे प्रदेश की समस्या है. रमन सरकार में छोटे प्लाटिंग पर रोक लगाई गई थी. पूर्व सरकार ने 5 डिसमिल से कम की रजिस्ट्री पर रोक हटा दी. इस समस्या से सब दुखी हैं. मंत्री जी 5 करवाई बता दें, जो आपने की है.विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा, यह गंभीर समस्या है. विधानसभा कॉलोनी पर भी अवैध कब्जा हुआ है. मंत्री जी एक माह के भीतर करवाई कर सूचित करेंगे. मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, अवैध प्लाटिंग रोकने संयुक्त टीम बनाकर पूरा प्रयास करेंगे. विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, वित्त मंत्री मौजूद हैं। सिर्फ घोषणा कर दें कि अवैध प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं होगी.

# चिरमिरी शहर में दिखी बाघिन : गलियों में घूमती दिखी, लोगों में दहशत, वन अमला पहुंचा मौके पर

**मनेंद्रगढ़ । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिले के चिरमिरी नगर निगम रेंज के रहवासी क्षेत्र में बाघीन विचरण कर रही है। जिसके कारण लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया है। वहीं सूचना मिलने के बाद वन अमला दल-बल के साथ मौके पर मौजूद है। साथ ही वन विभाग लोगों घरों से बाहर नहीं निकलने की चेतावनी दे रहे हैं।

पैसेंजर से टकराया बाघ

वहीं बीते महीने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाराष्ट्र के नागपुर मंडल अंतर्गत गोबरवाही- डोंगरीबुजुर्ग स्टेशन के बीच तुमसर रोड-तिरोडी डेमू गाड़ी क्र. 07811 तुमसर-तिरौड़ी पैसेंजर से एक बाघ टकराकर घायल हो गया था। इस दौरान बाघ को रेस्क्यू करने में 7 घंटे तक रेल यातायात बाधित हो गया था। घटना के बाद वन विभाग को बाघ का रेस्क्यू किया था। जिसके बाद बाघ को उपचार के लिए नागपुर भेजा गया था।

पैसेंजर ट्रेन से बाघ के टकराकर घायल होने की सूचना मिलते ही तत्काल राउंड ऑफिसर वन विभाग यादव को देकर उप निरीक्षक मोहम्मद मुगीसुद्दीन रेसुब चौकी तुमसर रोड अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान वन विभाग भंडारा डिवीजन की रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बाघ को बेहोशी शॉट लगाया गया था।

रेल यातायात रहा था बाधित

वन विभाग के चिकित्सक द्वारा बाघ को बेहोश करने के बाद रेल पथ की पुश ट्राली से उक्त घायल टाइगर को रेलवे स्टेशन डोंगरीबुजुर्ग लाया गया था। फिर यहां से उसे गिरेवाड़ा नागपुर रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया था। जहां बाघ का प्रारंभिक उपचार किया गया था। घटना से रेल यातायात समय सुबह 5.40 बजे से दोपहर 01 बजे तक रेल यातायात बाधित रहा था। वहीं बाघ के घायल होने की सूचना मिलने पर आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे थे जिन्हें संभालने के लिए भी रेलवे पुलिस ने काफी मशक्कत की।

# यूथ एंड इको क्लब का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**रायगढ़**



उच्च प्राथमिक शालाओं के प्रभारी शिक्षकों का यूथ एंड इको क्लब के तहत दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण नटवर स्कूल में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल के द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में जिला स्त्रोत केंद्र से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स प्रहलाद चौहान के द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य तथा प्रशिक्षण के दौरान किए जाने वाले कार्यों के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई। जिला स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर से डीलेश्वर ऊष्मा सिंह, मंजू अवस्थी, भगवान पटेल के द्वारा विकासखंड के 102 माध्यमिक शालाओं से आए हुए शिक्षकों को शालाओं में यूथ क्लब के गठन तथा संचालन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान स्कूल पोषण वाटिका, इसके लाभ एवं आवश्यकता, इनके कार्य एवं कर्तव्य, जमीन पर प्लास्टिक साक्षरता, प्लास्टिक के उपयोग से हानि और भविष्य में इसके दुष्परिणाम पर विस्तृत चर्चा-परिचर्चा की गई। साथ ही उपस्थित शिक्षकों को बताया गया कि एनईपी 2020 के अनुसार बच्चों को ऐसी शिक्षा प्रदान करें की वो भारत के लिए उपयोगी व्यक्ति बने। हमारा देश कृषि प्रधान देश है तो हमें कृषि के क्षेत्र में रोजगार के लिए अभी से बच्चों को तैयार करने पर ध्यान देना होगा। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण तथा इसमें युवाओं की भूमिका के संबंध में खेल व पाठ प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक मनोज अग्रवाल के द्वारा सभी शिक्षकों से शालाओं में युवा एवं इको क्लब की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में संविधान की समझ तथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न होने की आशा जाहिर की तथा प्रशिक्षण का समापन किया गया।

# एसबीआई बैंक के डॉर्मेंट खातों से लाखों की ठगी का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा-रायपुर । आरएनएस**



जिले के थाना बोड़ला क्षेत्र में एसबीआई बैंक के डॉर्मेंट खातों में संगठित ठगी के दो बड़े मामलों का खुलासा किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मामले में शामिल बैंक कर्मचारियों समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**प्रकरण 1 :**

प्रार्थी अशोक हटीला की शिकायत पर दर्ज इस मामले में बैंक कर्मचारी प्रतीक उइके ने एक डॉर्मेंट खाते के सीआईएफ नंबर में छेड़छाड़ कर मृतक दीपा अहिरवार के नाम से फर्जी आवेदन तैयार किया। आरबीआई से राशि क्लेम कर एटीएम कार्ड जारी करवाकर 1,46,000 की ठगी की गई।

**आरोपीगण:**

1. प्रतीक उइके
2. संजय प्रकाश जरीके पिता स्व. बीरसिंह जरीके
3. निशांत कुमार पिता अखिलेश झा
4. सूरज शर्मा पिता जितेंद्र शर्मा

**प्रकरण 2 :**

महिला मंगली बाई के डॉर्मेंट खाते से 82,000 की निकासी की गई। इसके लिए मंगली बाई के नाम पर फर्जी एटीएम कार्ड बनवाया गया और 40,000 नगद निकाले गए, जबकि 40,000 फूल सिंह नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर ग्रीन चैनल के माध्यम से निकाला गया। इसके अलावा छितर सिंह के फिक्स्ड डिपॉजिट की 2,40,000 की राशि को मंगली बाई के खाते में ट्रांसफर कर निकाला गया।

**आरोपीगण :**

1. सूरज शर्मा पिता जितेंद्र शर्मा
2. निशांत कुमार पिता अखिलेश झा

**गिरफ्तार आरोपी :**

मुख्य आरोपी प्रतीक उइके को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है। आज दिनांक 17 दिसंबर 2024 को आरोपी संजय प्रकाश जरीके, सूरज शर्मा, निशांत कुमार और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस पूरे मामले की सफलता में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी बोड़ला राजेश चण्ड और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली का दुरुपयोग कर जनता को ठगने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से इस संगठित ठगी का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि अपने बैंक खातों की नियमित जांच करें और किसी भी अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU